प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 30.05.2025**

❖ थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा हत्या के अपराध मे वांछित अभियुक्त को त्वरित कार्यवाही करते हुये 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार।

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मंगलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 213/2025 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त सरवेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 प्रेमनारायण गुप्ता उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम परहुली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 30.05.2025 को सैय्यद बाबा मजार के पास औरंगाबाद तिराहा झींझक रोड़ कस्बा मंगलपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से समय 13.35 बजे गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा वादी श्री अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 प्रेमनारायण गुप्ता निवासी ग्राम परहुली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात ने थाना हाजा पर दिनांक 30.05.2025 को दिये गये प्रार्थना पत्र मे तहरीर किया कि अभियुक्त/भाई वादी मुकदमा सरवेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 प्रेमनारायण गुप्ता उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम परहुली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा उसके छोटे भाई सुनील गुप्ता स्व0 प्रेमनारायण गुप्ता निवासी उपरोक्त की सोते समय यूकेलिप्टिस के डण्डे से सिर पर वार कर हत्या कर दी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर पर दिनांक 30.05.2025 को मु0अ0सं0 213/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सरवेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 प्रेमनारायण गुप्ता उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम परहुली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 30.05.2025 को गिरफ्तार किया गया व आलाकत्ल यूकेलिप्टिस का डण्डा बरामद किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. सरवेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 प्रेमनारायण गुप्ता उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम परहुली थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तारी करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री दिलीप कुमार बिन्द
2.व0उ0नि0 श्री कमलेश यादव
3.कां0 961 दीपक खारी